पंजाब केसरी
TUE,12 AUGUST 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 4

# श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में पावनी प्रथम, नेहा द्वितीय

गोहाना, 11 अगस्त (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीच्यूट ऑफ हायर लर्निंग के संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 'संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति 'विषय पर 2 दिवसीय व्याख्यान एवं पुरस्कार कार्यक्रम का समापन हो गया।

हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस 2 दिवसीय कार्यक्रम के समापन सत्र के मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव और विशिष्ट अतिथि महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के प्रो. बलबीर आचार्य रहे।



*महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव दीप प्रज्वलित करते हुए।(अरोड़ा)*

प्रो. बलबीर आचार्य ने छात्राओं को भारतीय संस्कृति के अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कन्या गुरुकुल सीनियर सैकेंडरी स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा पावनी, द्वितीय पुरस्कार आयुर्वेद संस्थान की छात्रा नेहा तिवारी, तृतीय पुरस्कार एम.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा अनु तथा आयुर्वेद संस्थान की छात्रा भूमिका रही।

प्रथम दिन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई थी जिसमें प्रतिभागियों ने अपने पोस्टरों में भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं जैसे भ्रातृ प्रेम, गुरु भक्ति, अनेकता में एकता, पितृ भक्ति, भारतीय पर्व एवं विविध परंपराएं, कला, संगीत और भारतीय नृत्य की विविध मुद्राओं को प्रदर्शित किया।

प्रिंसीपल डॉ. वीणा ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया। डॉ. अनीता अटवाल तथा डॉ. राजेश कुमार ने सह-संयोजक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के जज के रूप में निर्मल, पूजा वोहर और शालू कुमारी ने कार्य किया।

# संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति विषय पर दो दिवसीय व्याख्यान एवं पुरस्कार कार्यक्रम का हुआ समापन



समापन सत्र का शुभारम्भ करते कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव।

गोहाना, 11 अगस्त (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर लर्निंग के संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति विषय पर दो दिवसीय व्यख्यान एवं पुरस्कार कार्यक्रम का आज समापन हुआ। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला के सयुंक्त तत्वाधान में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि व मुख्य वक्ता महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक से प्रो. बलबीर आचार्य ने प्रतिभागियों को सम्बोधित किया। कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता से प्रतिभागियों को अपने वाचिक कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम संयोजक संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीलेखा चौबे ने बताया कि इस कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिताओं में विशेष रूप से इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग , माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेदिक संस्थान, कन्या गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल व साउथ कैंपस भैंसवाल कलां की छात्राओं ने भाग लिया। श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कन्या गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा पावनी, द्वितीय पुरस्कार आयुर्वेद संस्थान की छात्रा नेहा तिवारी जबकि तृतीय पुरस्कार एम.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा अन्नू तथा आयुर्वेद संस्थान की छात्रा भूमिका को सामूहिक रूप से दिया गया। प्रथम दिन की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने पोस्टरों में भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया। प्राचार्या डॉ. वीणा ने अध्यक्षता, डॉ. अनीता अटवाल तथा डॉ राजेश कुमार ने सह -संयोजक की भूमिका निभाई।

# संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति" विषय पर दो दिवसीय व्यख्यान एवं पुरस्कार कार्यक्रम का हुआ समापन

गोहाना, वायरल सच ( अनिल जिंदल ) : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित "संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति" विषय पर दो दिवसीय व्यख्यान एवं पुरस्कार कार्यक्रम का आज समापन हो गया। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला के सयुंक्त तत्वाधान में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव ने शिरकत की , जबकि कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि व मुख्य वक्ता महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक से प्रो बलबीर आचार्य ने प्रतिभागियों को सम्बोधित किया। प्रो बलबीर ने छात्राओं को



भारतीय संस्कृति के अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया ।

कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता से प्रतिभागियों को अपने वाचिक कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है,और शब्दों का शुद्ध उच्चारण करना सीखते हैं। हमें उम्मीद है कि इन प्रतियोगिताओं के आयोजन से प्रतिभागियों में भारतीय संस्कृति एवं संस्कृत भाषा के प्रति एक नई जागरूकता का समावेश होगा और वे अपने देश की समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं के विषय में अधिक से अधिक जानने का प्रयास करेंगे । डॉ० शिवालिक ने छात्राओं से संस्कृत भाषा और अपनी संस्कृति से जुड़ने की अपील की तथा प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राओं को बधाई दी।

कार्यक्रम संयोजक संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ श्रीलेखा चौबे ने बताया कि कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिताओं में विशेष रूप से इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग , माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेदिक संस्थान , कन्या गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल , यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल व साउथ कैंपस भैंसवाल कलां की छात्राओं ने भाग लिया। डॉ श्रीलेखा ने बताया कि श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कन्या गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा पावनी ने प्राप्त किया, द्वितीय पुरस्कार आयुर्वेद संस्थान की छात्रा नेहा तिवारी ने प्राप्त किया।जबकि तृतीय पुरस्कार एम . ए . प्रथम वर्ष की छात्रा अन्नू तथा आयुर्वेद संस्थान की छात्रा भूमिका को सामूहिक रूप से दिया गया। प्रथम दिन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई थी जिसमें प्रतिभागियों ने अपने पोस्टरों में भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं जैसे कि भ्रातृ प्रेम, गुरु भक्ति, अनेकता में एकता, पितृ भक्ति, भारतीय पर्व एवं विविध परंपराएं, कला, संगीत और भारतीय नृत्य की विविध मुद्राओं को प्रदर्शित किया।

प्राचार्या डॉ वीणा ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया और अतिथियों का स्वागत किया। डॉ अनीता अटवाल तथा डॉ राजेश कुमार ने सह - संयोजक की भूमिका निभाई ।

प्रतियोगिता के जज के रूप में श्रीमती निर्मल, श्रीमती पूजा वोहरा, मिस शालू कुमारी ने कार्य किया।

# संस्कृत भाषा व अपनी संस्कृति से जुड़ें : डा. यादव



महिला विवि में प्रो. शिवालिक यादव दीप प्रज्वलित करते हुए ● सौ. प्रवक्ता

**वि., गोहाना :** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ हायर लर्निंग के संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हो गया। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला के तत्वाधान में कार्यक्रम हुआ। समापन सत्र में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव और मुख्य वक्ता एमडीयू रोहतक से प्रो. बलबीर आचार्य रहे। कुलसचिव प्रो. यादव ने कहा कि श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता से प्रतिभागियों को अपने वाचिक कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है और शब्दों का शुद्ध उच्चारण करना सीखते हैं। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे संस्कृत भाषा और अपनी संस्कृति से जरूर जुड़ें। कार्यक्रम संयोजक संस्कृत विभागाध्यक्ष डा. श्रीलेखा चौबे ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की छात्राओं ने भाग लिया। श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कन्या गुरुकुल की छात्रा पावनी ने प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार आयुर्वेद संस्थान की छात्रा नेहा तिवारी ने प्राप्त किया जबकि तृतीय पुरस्कार एमए प्रथम वर्ष की छात्रा अन्नू व आयुर्वेद संस्थान की भूमिका ने प्राप्त किया। इस मौके पर प्राचार्य डा. वीणा, डा. अनीता, डा. राजेश कुमार निर्मल, पूजा वोहरा, शालू कुमारी रहे।

# श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में छात्रा पावनी रही प्रथम



समापन सत्र के दौरान मौजूद कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव व अन्य।

**गोहाना।** बीपीएस महिला विवि में इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय व्याख्यान एवं पुरस्कार कार्यक्रम का समापन हो गया। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति विषय पर आयोजित कार्यक्रम के समापन सत्र में विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव मुख्य अतिथि और रोहतक के महर्षि दयानंद विवि के प्रो. बलबीर आचार्य विशिष्ट अतिथि रहे। उन्होंने छात्राओं को भारतीय संस्कृति के विभिन्न बिंदुओं से अवगत कराया।

संस्कृत विभाग की अध्यक्ष डॉ. श्रीलेखा चौबे के अनुसार कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इनमें इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग , माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेदिक संस्थान, कन्या गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल व साउथ कैंप्स की छात्राओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में प्रथम कन्या गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से कक्षा नौवीं की छात्रा पावनी प्रथम, आयुर्वेद संस्थान की छात्रा नेहा तिवारी द्वितीय व एमए प्रथम वर्ष की छात्रा अन्नू तथा आयुर्वेद संस्थान की छात्रा भूमिका संयुक्त रूप से तृतीय रहीं। इससे पहले पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने पोस्टरों में भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं भ्रातृ प्रेम, गुरु भक्ति, अनेकता में एकता, पितृ भक्ति, भारतीय पर्व एवं विविध परंपराएं, कला, संगीत और भारतीय नृत्य की विविध मुद्राओं को प्रदर्शित किया। इस प्रतियोगिता के जज की भूमिका निर्मल, पूजा वोहरा व शालू कुमारी ने निभाई। वहीं कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने विजेताओं को सम्मानित किया। इसके साथ ही वे शब्दों का शुद्ध उच्चारण करना सीखते हैं। उन्होंने छात्राओं से संस्कृत भाषा और अपनी संस्कृति से जुड़ने की अपील भी की। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. वीणा, सह संयोजक डॉ. अनीता अटवाल व डॉ. राजेश कुमार भी मौजूद रहे।